SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 01 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-239

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दोहरे हत्याकांड मामले में 3 संदिग्ध पकड़ाए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी के उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योतिनगर इलाके में दो सशस्त्र हमलावरों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस मामले में तीन लोगों को पकड़ा गया है। मृतक की पहचान गोविंद बाती (28) के रूप में हुई है बुधवार रात जब वह जिम से लौट रहा था, तब हमलावरों ने निजी दुश्मनी की वजह से गोली चलाकर उसकी जान ले ली जबकि इस अपराध को देख रहे एक अन्य व्यक्ति की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसकी पहचान आकाश (21) के रूप में हुई। इस मामले में अमन (19), आशू (19) और अंकित (19) को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, मुख्य आरोपी अनिल और दो अन्य अभी फरार हैं। पुलिस ने कहा, हमने मामले में मुख्य आरोपी की पहचान कर ली है। हमारी टीमें आरोपी और उसके साथियों को पकड़ने के लिए छापे मार रही है।

### शोपियां मुठभेड़ में 1 आतंकी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में घेराबंदी तथा तलाश अभियान (कासो) के दौरान शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सेना ने एक आंतकी को मार गिराया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों को सुगन इलाके के घनाड गांव में हिजबुल और लश्कर के कमांडरों के छुपे होने की जानकारी मिली जिसके बाद राष्टीय राइफल (आरआर), जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने सुगन गांव में शुक्रवार तड़के संयुक्त रूप से अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान जब गांव में विशेष क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो वहां छुपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलायीं। जिसमें एक आतंकी ढेर हो गया है। सूत्रों के अनुसार किसी भी तरह के प्रदर्शन को रोकने के लिए मुठभेड़ स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

### निर्मला बनीं देश की पहली महिला वित्त मंत्री

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नरेंद्र मोदी की नई सरकार में बीजेपी की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण को पुनः शामिल किया गया है. उन्हें वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के लिए दिया गया है. इससे पहले कार्यकाल में वे रक्षा मंत्री रहीं थी. निर्मला उन महिलाओं में से एक हैं, जिन्होंने राजनीति में बेहद कम समय में अपना अलग मुकाम हासिल किया है. बतौर रक्षा मंत्री उन्होंने कड़ी चुनौतियों का सामना किया. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने जोर-शोर से राफेल विमान डील का मुद्दा उठाया था. कई बार सदन में तो कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रक्षा मंत्री को घेरने की कोशिश की गई. लेकिन मजबूत इरादों वाली निर्मला ने कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों का डटकर सामना किया और हर मौके पर विपक्ष को सरकार की ओर से संतोषप्रद जवाब दिया.

### अतुल जैन ने नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार संभाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन, एवीएसएम, वीएसएम ने आज वाइस एडमिरल करमबीर सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, एडीसी से आज एक शानदार सलामी परेड में नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार संभाला। वाइस एडमिरल जैन ने सलामी गारद का निरक्षण किया और विभिन्न पोतों और नौसेना के पूर्वी कमान के संस्थानों के नौसेना कर्मियों के प्लाटून की समीक्षा की। पूर्वी कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल करमबीर सिंह 31 मई को एडमिरल के पद को प्रोन्नत होने के बाद नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालेगें। वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन ने जुलाई 1982 में भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त किया। वाइस एडमिरल जैन ने अपने 37 साल के कार्यकाल में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

# नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ

» कैबिनेट में अमित शाह भी शामिल » मंत्रीमंडल में दूसरे क्रम में राजनाथ सिंह » कैबिनेट में शामिल हुए 24 मंत्री » राष्ट्रपति भवन में हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में लोकसभा चुनाव 2019 संपन्न होने बाद गुरुवार 7.03 बजे नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह की शरुआत राष्ट्रगान से हुई। शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेने वालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, सदानंद गौड़ा, निर्मला सितारमन, राम विलास पासवान, नरेन्द्र सिंह तोमर, रविशंकर प्रसाद, हरसिमरत कौर बादल, थावरचंद गहलोत, सुब्रमणियम जयशंकर, डॉ.रमेश पोखरियाल, अर्जुन मुण्डा, स्मृति जुबेन ईरानी, डॉ. हर्षबर्धन, प्रकाश जावड़ेकर, पीयूष गोयल, धमेन्द्र प्रधान, मुख्तार अब्बास नकवी, प्रहलाद जोशी, डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डे, अरविन्द सावंत, गिरीराज सिंह, गजेन्द्र सिंह शेखावत, संतोष कुमार गंगवार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, राव इंद्रजीत सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्रीपद नाइक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, जितेन्द्र सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, किरण रिजिजू राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, प्रहलाद पटेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, आर.के.सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, हरदीप सिंह पुरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, मनसुख मांडविया राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, फग्गन सिंह कुलस्ते राज्यमंत्री, अश्वनी चौबे राज्यमंत्री, सेवानिवृत्त जनरल बी.के.सिंह राज्यमंत्री, कृष्णपाल गुर्जर राज्यमंत्री, रावसाहब दानवे राज्यमंत्री, जी.किशन रेड्डी राज्यमंत्री, पुरुषोत्तम रुपाला राज्यमंत्री, रामदास अठावले राज्यमंत्री, साध्वी निरंजन ज्योति राज्यमंत्री, बाबुल सुप्रीयो राज्यमंत्री, संजीव बालियान, संजय घोत्रे राज्यमंत्री, अनुराग ठाकुर राज्यमंत्री, सुरेश अंगाड़ी राज्यमंत्री, नित्यानंद राय राज्यमंत्री, रतनलाल कटारिया राज्यमंत्री, वी.मुरलीधरन राज्यमंत्री, रेणुका सिंह राज्यमंत्री, सोम प्रकाश राज्यमंत्री, रामेश्वर तेली राज्यमंत्री प्रतातचंद्र सारंगी राज्यमंत्री, कैलाश चौधरी राज्यमंत्री, देवाश्री चौधरी राज्यमंत्री।

शपथ ग्रहण समारोह लगभग 7.03 बजे प्रारंभ होकर लगभग 2 घंटे लगभग 9.03 मिटन तक जारी रहा। इस शपथ ग्रहण समारोह में 24 कैबिनेट मंत्री तथा 9 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह भी रहा कि मोदी कैबिनेट में दूसरे क्रम में राजनाथ सिंह इस बार भी बरकरार रहे। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को भी पहली बार तीसरे क्रम में मंत्रीमंडल में शामिल किया गया है। विदित हो कि इस बार मंत्रीमंडल में 19 नये चेहरों को शामिल किया गया है।

## एडमिरल करमबीर सिंह बने नए नौसेना प्रमुख

» संभालेंगे समुद्री हितों की अहम जिम्मेदारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एडमिरल करमबीर सिंह ने शुक्रवार को 24वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने सुनील लांबा की जगह ली है। एडमिरल करमबीर सिंह ने नौसेना स्टॉफ के 24वें प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। एडमिरल लांबा ने शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में एक समारोह में एडमिरल सिंह को प्रभार सौंप दिया। उन्हें गुरुवार को ही पदभार संभालने के लिए सैन्य ट्रिब्यूनल ने इजाजत दी थी। ट्रिब्यूनल ने बुधवार को उनकी नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई को सात हफ्तों के लिए टाल दिया है। नौसेना प्रमुख का पद संभालने के बाद एडमिरल करमबीर सिंह ने कहा यह मेरी जिम्मेदारी होगी कि मैं उनके प्रयासों को जारी रखूं और देश को एक ऐसी नौसेना दूं जो मजबूत विश्वसनीय और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा चुनौती को पूरा करने के लिए तैयार है।

## शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद काम पर लौटे पीएम

» पांच देशों से करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** 17वीं लोकसभा के लिए 23 मई को संपन्न हुए चुनाव के बाद 30 मई को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार ने शपथ ली. मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री दूसरी बार शपथ ली. शपथ के तुरंत बाद ही वह काम लौट आए.

शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी से किर्गिस्तान के राष्टपति से सूरोनबे जीनबेकोव के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता की. प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट करके बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री ने किर्गिस्तान के राष्टपति सूरोनबे जीनबेकोव के साथ व्यापक बातचीत की. दोनों नेताओं ने दोनों देशों के नागरिकों के पारस्परिक हित के लिए सहयोग में विविधता लाने पर विचार-विमर्श किया. वहीं पीएम मोदी ने श्रीलंका के राष्टपति मैत्रिपाल सिरीसेना से मुलाकात की. नई सरकार में पीएम मोदी की यह दूसरी द्विपक्षीय बैठक है. इसके साथ ही वह बांग्लादेश के राष्टपति एम. डी. अब्दुल हामिद, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवीण कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली और भूटान के प्रधानमंत्री-लोटे त्सरिंग के साथ बैठक करेंगे.

## मायावती ने 3 जून को बुलाई दिल्ली में बैठक

» गठबंधन का भविष्य होगा तय!



**लखनऊ (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद बसपा प्रमुख मायावती ने 3 जून को दिल्ली में बैठक बुलाई है. इस बैठक में नवनिर्वाचित सांसद, लोकसभा प्रत्याशी, जोन इंचार्ज सहित सभी जिलाध्यक्ष बुलाये गये हैं. बताया जा रहा है कि मायावती की बैठक में चुनाव की समीक्षा के साथ ही गठबंधन का भविष्य तय करेगा. साथ ही यूपी में होने वाले उपचुनाव की रणनीति बनाई जाएगी.

उधर लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी काम करने वालों के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) एक्शन मोड में आ गई है. मायावती ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई सीटों पर पार्टी विरोधी काम करने और विपक्षी उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने के आरोप में पार्टी के पूर्व विधायक इकबाल अहमद ठेकेदार को पार्टी से निष्कासित कर दिया है. कहा जा रहा है कि इकबाल अहमद ने चुनाव के दौरान बिजनौर में बीएसपी प्रत्याशी मलूक नागर के बजाए कांग्रेस प्रत्याशी नसीमुद्दीन सिद्दीकी का समर्थन किया था. मालूम हो कि इससे पहले पार्टी ने विधायक रामबीर उपाध्याय को निलंबित कर दिया था. सूत्रों का कहना है कि 10 सीट पर जीत मिलने के बाद भी मायावती चुनाव परिणाम से खुश नहीं हैं. मायावती के अनुसार, सपा और आरएलडी से गठबंधन करने के बाद भी आशा के अनुरूप परिणाम नहीं आए. इससे वो बहुत नाराज हैं.

# मोदी सरकार के मंत्रियों के बंटे विभाग

» अमित शाह होंगे देश के गृहमंत्री, राजनाथ को रक्षा की कमान » जेटली की जगह अब निर्मला संभालेंगी वित्त मंत्रालय



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में लोकसभा चुनाव 2019 संपन्न होने के बाद नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ ली। सरकार की पहली बैठक में मंत्रिमंडल का गठन कर दिया गया। आर.एन.एस.के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को नया गृहमंत्री बनाया गया है। वहीं गृहमंत्री राजनाथ सिंह को रक्षामंत्री और सुषमा स्वराज की जगह पूर्व विदेश सचिव एस जयशंकर को विदेश मंत्री बनाया गया है। इसी तरह नितिन गडकरी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, डी.वी.सदानन्द गौड़ा रसायन उर्वरक मंत्री, निर्मला सीतारमण वित्त तथा कॉर्पोरेट मामले, रामविलास पासवान उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, नरेंद्र सिंह तोमर कृषि किसान कल्याण; ग्रामीण विकास; तथा पंचायतीराज, रविशंकर प्रसाद कानून और न्याय; संचार; तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, हरसिमरत कौर बादल खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, थावर चंद गहलोत सामाजिक न्याय और अधिकारिता, डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर विदेश, रमेश पोखरियाल निशंक, मानव संसाधन विकास, अर्जुन मुंडा जनजातीय मामले, स्मृति जुबिन ईरानी महिला और बाल विकास और कपड़ा, डॉ. हर्षवर्धन स्वास्थ्य-परिवार कल्याण; विज्ञान -प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान, प्रकाश जावड़ेकर पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण, पीयूष गोयल रेल, वाणिज्य और उद्योग, धर्मेंद्र प्रधान पेट्रोलियम प्राकृतिक गैस तथा इस्पात, मुख्तार अब्बास नकवी अल्पसंख्यक मामले, प्रहलाद जोशी संसदीय मामले, कोयला तथा खान, महेंद्र नाथ पांडे कौशल विकास और उद्यमिता, अरविंद गणपत सावंत भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम, गिरिराज सिंह पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन, गजेंद्र सिंह शेखावत जल शक्ति.

राज्य (स्वतंत्र प्रभार)मंत्री के रुप में संतोष कुमार गंगवार श्रम और रोजगार मंत्रालय, राव इंद्रजीत सिंह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना मंत्रालय, श्रीपाद येसो नाइक आयुर्वेद, योग-प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष); तथा रक्षा, डॉ. जितेन्द्र सिंह उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास, प्रधान कार्यालय में राज्य; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष विभाग, किरेन रिजिजू युवा मामले-खेल तथा अल्पसंख्यक मामले, प्रहलाद सिंह पटेल संस्कृति तथा पर्यटन, राज कुमार सिंह ऊर्जा, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा तथा कौशल विकास और उद्यमिता, हरदीप सिंह पुरी आवास-शहरी मामल, नागरिक उड्डयन तथा वाणिज्य और उद्योग, मनसुख एल. मंडाविया जहाजरानी तथा रसायन और उर्वरक.

राज्य मंत्री के रुप में फग्गनसिंह कुलस्ते इस्पात, अश्विनी कुमार चौबे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, अर्जुन राम मेघवाल संसदीय कार्य तथा भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम, जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. सिंह सड़क परिवहन और राजमार्ग, कृष्णपाल सामाजिक न्याय और अधिकारिता, दानवे रावसाहेब दादराव, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, जी. किशन रेड्डी गृह, पुरुषोत्तम रुपाला कृषि और किसान कल्याण, रामदास अठावले सामाजिक न्याय और अधिकारिता, साध्वी निरंजन ज्योति ग्रामीण विकास, बाबुल सुप्रियो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, संजीव कुमार बाल्यान पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन, धोत्रे संजय शामराव मानव संसाधन विकास, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, अनुराग सिंह ठाकुर वित्त तथा कॉरपोरेट मामले, अंगाड़ी सुरेश चन्नबसप्पा रेल, नित्यानंद राय गृह, जल शक्ति, रतन लाल कटारिया सामाजिक न्याय और अधिकारिता, वी. मुरलीधरन विदेश और संसदीय कार्य, रेणुका सिंह सरुता जनजातीय मामले, सोम प्रकाश वाणिज्य और उद्योग, रामेश्वर तेली खाद्य प्रसंस्करण उद्योग ,सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, प्रताप चन्द्र सारंगी पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन, कैलाश चौधरी कृषि किसान कल्याण एवं देबाश्री चौधरी को महिला और बाल विकास विभाग दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन एवं परमाणु उर्जा विभाग के प्रभारी रहेंगे।

## पिछले 13 साल से कंटीले घेरे में कैद हैं, नक्सली गांव जगरगुंडा के 3 हजार ग्रामीण

» गांव के गेट का ताला सुबह छह बजे खुलता और शाम 8 बजे बंद हो जाता है



**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का एक ऐसा नक्सली गांव है जगरगुंडा, जहां रोज शाम के 6 बजे गांव की शरहद पर ताला लगा दिया जाता है, जो सुबह 6 बजे खुलता है। गांव में बसे 3 हजार आदिवासियों को 12 घंटे तक घूमने- फिरने की छूट है। नक्सल दहशत से भरे इस गांव में वे पिछले 13 साल से कैद हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में नक्सलियों का सबसे खौफ नाक इलाका माना जाता है दोरनापाल से जगरगुण्डा की ओर जाने मार्ग, जहां कदम-कदम पर मौत का खतरा बिखरा हुआ है। क्योंकि यहां की सड़कों पर सीमेंट और डामर कम, बारूद ज्यादा बिछा हुआ है। इस जगह पर कुछ घंटे बिताकर लौटना, जिदगी की जंग जीतने से कमतर नहीं है। गांव के प्रमुख जोगा ने बताया कि इस इलाके में लगभग 3 हजार लोग बंदियों की तरह गुजर बसर कर रहे हैं। उन्हें आजादी मिलती तो है, लेकिन सिर्फ 12 घंटों की। सुबह 6 बजे यहां का ताला खुलता है और शाम 6 बजे ही बंद हो जाता है। इसके बाद बाहर जाने वाला अपनी जिन्दगी का रखवाला खुद ही होता है। दरअसल, यह पूरा गांव ही पुलिस और केन्द्रीय सुरक्षा बल के कैंप में तब्दील हो चुका है। बरसात के पहले राशन का काफिला एक हजार पुलिस जवानों की सुरक्षा के बीच यहां पहुंचाया जाता है, जो बारिश के वक्त खत्म हो जाता है, फिर गांव के लोग ऐन-केन प्रकारेण राशन की व्यवस्था करते हैं। पिछले 13 साल से अत्याधुनिक हथियारों से लैस जवान इस गांव और यहां निवासरत लोगों की सुरक्षा कर रहे हैं। नक्सलियों से छिड़ी अघोषित लड़ाई के बीच गांव के लोग सिर्फ 12 घंटे के लिए ही आजाद रहते हैं। दोरनापाल से जगरगुण्डा लगभग 60 किलो मीटर दूर है, जिले का यह मार्ग कई नक्सली घटनाओं का कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। सबसे ज्यादा नक्सली हमले और लैड माईस विस्फोट भी इसी मार्ग पर हुए हैं।

यह एक गांव 5-6 गांवों की आजादी समेटे हुए है। लगभग 13 साल पहले जब बस्तर में शांति अथियान याने सलवाजुडूम की शुरूवात हुई थी, तब जगरगुण्डा को सबसे सुरक्षित मानकर यहां 5-6 गांवों के लोगों को बसाया गया था। जुडूम अभियान में शामिल इन गांवों के लोगों को झोपड़ी में बसाया गया, जो आज भी वैसे ही हैं। एक - एक झोपड़ी में 5 से 6 लोग जीवन बसर कर रहे हैं।

## देश के उत्तर पश्चिमी इलाके भीषण गर्मी की चपेट में



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पिछले चार-पांच दिन से उत्तर भारत में आसमान साफ है और बारिश होने के आसार नहीं है। इसके परिणामस्वरूप दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर पश्चिम भारत के हिस्से में अधिकतम तापमान में करीब 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एनसीआर में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों प्रयागराज में 30 मई को अधिकतम उच्चतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 3 जून तक आसमान साफ रहने का संकेत है। लू चलने, बारिश न होने के कारण क्षेत्र में तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने की संभावना है। अनेक स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पश्चिमी गड़बड़ी के कारण 2 जून से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

**अगले 4-5 दिन के लिए भीषण गर्मी की चेतावनी**

अगले 72 घंटों के दौरान जम्मू के सुदूरवर्ती स्थानों पर लू जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान के कुछ स्थानों पर लू चल सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर और पूर्वी राजस्थान के सुदूरवर्ती इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। पंजाब और चंडीगढ़ के कुछ स्थानों पर भी लू चलने की संभावना है।